an>

Title: Need to provide financial relief to all the farmers distressed due to acute drought situation in Banda and Chitrakoot districts in Uttar Pradesh**.**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जनपद मे सूखे की भीषण समस्या से किसान तबाह हो गया है। उसे केंद्र द्वारा भेजी गयी राहत राशि भी राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। अभी पुरानी अतिवृष्टि वाली राशि भी सभी को बांटी नहीं गयी है। सूखे की राशि भी कुछ किसानों को ही दी गयी है, सभी को नहीं। एक हैक्टेयर से ऊपर जोत रखने वाले किसानों में से किसी को भी राहत राशि नहीं दी गयी है। किसान हताश एव परेशान है। जन में आक्रोश है। लोगों के पास खाने तक को नहीं है।

सरकार से अनुरोध है कि सभी छोटे-बड़े किसानों को शीघ्र राशि देने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें एवं केंद्रीय टीम की उपस्थिति में सभी को राहत राशि बंटवाने का कष्ट करें।